cases and necessary action will be taken against them.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think a number of questions have been put on port trust. There are some other important questions.

SHRI NILOTPAL BASU: Basically, the problem is that encroachment, or, forcible occupation, or, illegal occupation, whatever it is, takes place because the concerned land is not being put to use in the manner desired by that particular agency at the time of getting that land from the State Governments. Now, it is a fact of life that as regards ports all over the country, not only in Calcutta, but elsewhere also, land which is lying with other Central Government agencies is being enchroached upon. And added to that, the problem raised by Mr. Mukherjee is also there. Now, the Central Government agencies feel that they are the legitimate owners of that land. Will your Government take a policy decision to restore back all the land which was taken from the State Government in the past? Now, that land is not being put to use, in accordance with the Master Plan of the city concerned.

SHRI M. THAMBI DURAI: Sir, when we assess the requirement of land for port activities, we frame a Master Plan. Based on that, we request the State Government to acquire the land and hand it over to the port.

SHRI NILOTPAL BASU: But that is not happening. *(interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish. If it was happening, then you would not have put this question. It is quite obvious.

SHRI M. THAMBI DURAI: When we allot land to private people, initially, they are using that land for port activities. Afterwards, under some pretext, they are using it for some other purpose. We have come across such kind of complaints. We are taking action to see that they properly utilise the land. If they are not able to properly utilise it, it means there is some encroachment. That is another factor. Therefore, we have to see that the Port Trust takes necessary steps to implement the projects as quickly as possible and use that land. Also, when they earmark the land or allot the land to the private sector, they have to strictly follow the rules. *(interruptions).*

SHRI NILOTPAL BASU: But the private sector is coming in. All the land was given to....*(interruptions).*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Nilotpal Basu, have patience. *(interruptions)* . We have done enough on this question. Now we will take up the next question.

*182. *[The questioner (Shri Khagen Das) was absent. For answer,* vide *col.* 29 *infra.*]

Decline in the Rate of Inflation

*183. SHRI AKHILESH DAS:
SHRIMATI VEENA VERMA:†

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the rate of inflation declined in the month of December, 1998; if so, to what extent, and the sectorwise rise and fall in prices to which the inflation rate is attributable;

(b) the rate of inflation recorded week to week since December, 1998; and

(c) the steps taken to keep the inflation down?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Yes, Sir, the inflation rate based on WPI decelerated 5.34 per cent by the last week of December 1998 from the peak inflation of 8.84 per cent in the last week

†The Question was actually asked on the floor of the House by Shrimati Veena Verma.

of September 1998. The latest inflation rate (point to point) as on 20.2.99 was 5.14 per cent.

The sector-wise rise and fall in prices as on 20.2.99 was:

(i) Primary articles comprising of food articles, non-food articles and minerals, rose by 9.1 per cent.

(ii) Prices of Fuel, Power, Light & Lubricants declined by 0.5 per cent.

(iii) Manufactured products prices rose by 3.9 per cent.

(b) The rate of inflation (point to point) recorded week to week since December 1998 is as follows:

Week ending		Annual Inflation (%)
December, 98,	05	7.40
	12	6.53
	19	5.91
	26	5.34
January 99,	02	5.03
	09	4.43
	16	4.44
	23	4.70
	30	4.58
February 99,	06	4.73
	13	4.89
	20	5.14

(c) Government has taken a number of steps to keep the inflation down. Apart from ensuring foodgrains supply through TPDS, the states were allocated additional quantities of wheat for open market sale. A liberal trade policy hs been put in place to augment domestic supply of essential commodities such as edible oils, pulses etc. Additional quantity of edible oil import, over and above 1.5 lakh tonnes for PDS, were authorised to moderate edible oil prices. Government has set up National Crop Forecasting Centre in order to have an advance warning system to forecast the likely supply shortfalls. A High Powered Price Monitoring Board has been constituted for monitoring the prices of essential commodities and for anticipating the need and scope for market intervention. A Joint Monitoring Committee with state level participation has also been set up to review the prices and availability situation. A new credit linked capital subsidy scheme for construction of cold storages and godowns has been announced in the Budget 1999-2000 which will help to create additional 12 lakh tonnes capacity of cold storages. It is also proposed to create 4.5 lakh tonnes of onion storage capacity.

At the macro level, Government is exercising restraint in limiting the growth in money supply as also fiscal deficit.

श्रीमती वीणा वर्मा: मैडम्, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं कि जब से बी०जे०पी० गवर्नमेंट केन्द्र में सत्ता में आयी है तब से लोगों को एक तरह से नुकसान ही नुकसान सहना पड़ रहा है मुद्रास्फीति के कारण।...**(व्यवधान)** पीरियडकल दाम बढ़ते जा रहे है। ....**(व्यवधान)**

उपसभापति: अभी मंत्री जी को बोलने दीजिए। मुझे मालूम है कि आप लोगों को ज्यादा पता है। लेकिन उनको ज्यादा पता है कि फायदा हुआ है या नुकसान हुआ है। It is his right to reply, don't take it away from him.

श्रीमती वीणा वर्मा: यह जो पिछले साल 1998-99 का इंफलेशनरी बजट आया और फिर उसके बाद न्यूक्लिअर टैस्ट से इकोनोमिक सैंक्शंस लगी। फिर उससे लोगों को राहत भी नहीं मिल पाई थी, उसके बाद प्याज़, आलू, मस्टर्ड ऑयल के दाम बढ़ गए। फिर सरकार के पास ...**(व्यवधान)**... फिर हाई कोर्ट के डायरेक्टिव्ज़ आए। The Government came out with steps to curb the consumer prices and inflation.

श्री नरेन्द्र मोहन: जिस चीज़ का दो रुपए का भाव हो गया....

उपसभापति: अभी आप यह बोलेंगे तो वे कहेंगी कि इनकी सरकार आ गई है तो फिर यह हो गया।

श्रीमती वीणा वर्मा: फिर कन्ज़्यूमर प्राइस में पी.डी.एस. के दाम गेहूं, चावल, चीनी और एल.पी.जी. गैस भी महंगी हो गई तो इस तरह का जो ट्रेंड चल रहा था...फिर अब 1999 और 2000 का हमारे पास जो बजट आया, उसमें फिर इनफ्लेशनरी मीज़र्स लिए गए

है। फिर उससे मुद्रा-स्फीति कितनी बढ़ेगी? एक तो बजट से कितनी बढ़ेगी और दूसरा बैंक इंटरेस्ट रेट कम हुए हैं तो जो बहुत बड़ा पैसा साधारण आदमी बैंक में जमा कराता था और यू.टी.आई. के थ्रू जमा कराता था, यह सीधा सरकार के पास जाता था। उसमें भी अब फर्क आ गया। इसका फायदा बड़े उद्योगपतियों और बड़े पैसे वालों को मिलेगा तो इसके जो तरीके हैं और खास तौर से इंटरेस्ट रेट के इस बजट को देखते हुए कितनी मुद्रा-स्फीति इस तरह से बढ़ेगी और क्या मीज़र्स लिए गए हैं, उसके बारे में बताएं। ...(**व्यवधान**)...

श्री एम.वेंकैया नायडु: जवाब हो गया, सवाल पूछेंगे मिनिस्टर साहब।

श्री यशवन्त सिन्हा: उपसभापति महोदया, जो कुछ माननीय सदस्या ने कहा उसमें प्रश्न का अंश कहां था, यह स्पष्ट नहीं हुआ लेकिन...

उपसभापति: महंगाई प्रश्न है, महंगाई प्रश्न है।

श्री यशवन्त सिन्हा: हां, महंगाई एक विशाल विषय अपने आप में है। इनकी जो धारणाएं हैं, उसके विपरीत मैं कुछ तथ्य सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। पहली बात तो यह है उपसभापति महोदया कि जो पिछले साल का बजट था, वह इनफ्लेशनरी नहीं था और पिछले साल के बजट में जो कदम सुझाए गए थे, उनसे कोई ऐसी बात नहीं निकली जिससे कहा जा सके कि यह बजट के प्रावधानों के चलते मुद्रा-स्फीति बढ़ी है।

दूसरी बात कि अभी जैसा मैंने अपने उत्तर में कहा है कि जो नवीनतम आंकड़े हमारे पास हैं, उनके अनुसार जो होलसेल प्राइस इनडैक्स है, उसकी दर है 5.14 और जो कन्ज़्यूमर प्राइस इन्डैक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर है जिसके बारे में इस सदन में कई बार चिंता व्यक्त की गई है पिछले सत्रों में, उसके जो जनवरी 1998 में आंकड़े हमारे पास आए हैं, नवीनतम आंकड़े, उसमें वह घट कर नवंबर के 19.7 प्रतिशत से 9.4 प्रतिशत पर आ गया है जो जनवरी 1998 की तुलना में उससे भी कम है क्योंकि जनवरी 1998 में यह 9.7 परसेंट था वह जनवरी 1999 में यह 9.4 परसेंट है और जो होलसेल प्राइस इन्डैक्स का इन्डैक्स होता है, यह सिर्फ आंकड़ेबाज़ी नहीं है। होलसेल प्राइस का जो इन्डैक्स है, जो इसका पीक था 31 अक्टूबर, 98 को वह था 359.8, उससे घटकर यह 20 फरवरी को आ गया है 354.1 यानि की लगभग 5 प्वाइंट की इन्डैक्स में भी गिरावट आई है और इस प्रकार हम आशावान हैं कि यह जो 1998-99 का वर्ष है, जो इसमें मुद्रा-स्फीति की दर होगी होलसेल प्राइस इन्डैक्स की, वह 5.5 प्रतिशत से कम होगी। वह 5.3 प्रतिशत होगी या 5.2 प्रतिशत होगी, यह हम 31 मार्च के बाद बता पाएंगे लेकिन 5.5 प्रतिशत से ऊपर नहीं जाएगा और यह उन सारी आशंकाओं को झुठलाता है जहां पर यह कहा जाता रहा कि इस वर्ष 1998-99 में जो मुद्रा-स्फीति की दर है, वह दो अंकीय, डबल डिजिट हो जाएगी। हम कंट्रोल नहीं कर पाएंगे और मैं पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि यह सब कुछ इसलिए संभव हुआ क्योंकि सरकार ने इसके लिए कड़े और अच्छे उपाय किए।

ŞHRI ASHOK MITRA: I also wish you stay as Finance Minister ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VEENA VERMA: Madam, under pressure from Opposition parties and BJP's own allies, the Government agreed to subsidy cuts in respect of PDS consumer items, like wheat, rice and sugar for people living below the poverty line.

SHRI YASHWANT SINHA: Madam, on this earphone that I have, now her Hindi is also being interpreted into another Hindi. Can this be...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I thought your Hindi should be translated into proper Hindi. *Ashawan*, this word is new in our parliamentary system.

SHRIMATI VEENA VERMA: Should I repeat my question?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Yes, please.

SHRIMATI VEENA VERMA: Madam, under pressure from Opposition parties and BJP's own allies, the Government agreed to subsidy cuts in respect of PDS consumer items, like wheat, rice and sugar for people living below the poverty line. May I know how people living below the poverty line were identified and whether proposals from certain State Governments, including Delhi to include the people living in *Jhuggi-Jhopari* clusters have been accepted? How far was the subsidy cut reduced thereby indicating the cut originally proposed? How far was the

Budget deficit for 1998-99 which affects the inflationary pressures reduced by this exercise of subsidy?

SHRI YASHWANT SINHA: Madam, it is true that the Government revised the issue prices of PDS for wheat, rice and sugar, and the extent of the revision is also well-known. As far as persons below the povrety line is concerned, that is the responsibility of the State Governments. They identify the people below the poverty line according to the system which has been in vogue since 1997 when this dual pricing system under PDS came into operation. Whoever is identified as below the poverty line is automatically entitled to get the grains, ration from the PDS under this arrangement.

SHRIMATI VEENA VERMA: How are the people living below the poverty line identified?

SHRI YASHWANT SINHA: These are clearly...

SHRIMATI VEENA VERMA: I want to know whether *Jhuggi-Jhopari* clusters in Delhi...

SHRI YASHWANT SINHA: They don't vary from State to State. They are clearly laid down by the Planning Commission as to how the BPL families are to be identified.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Do they carry any identification card to say that they are below the poverty line?

SHRI YASHWANT SINHA: They carry a special ration card which identifies them.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Perhaps, that is what she wanted to know.

SHRI J. CHITHARANJAN: Madam Deputy Chairperson, in answer to Part C, it is said that the Government has taken a number of steps to keep inflation down. Apart from ensuring foodgrains supply through PDS, the States are allocated additional quantities of wheat from open market. Madam, in this connection, I would like to draw the attention of the hon. Minister to certain problems which the Public Distribution System is facing at the moment. Firstly, there is a dispute about how much percentage of people are under the poverty line in each State. Madam, I know in the case of Kerala, there is a dispute. The Central Government takes the position that only 25 per cent of the people are below the poverty line. On the basis of the criteria laid down, our Panchayats, local bodies, have taken measures to find out who the people are and who come under the poverty-line. The percentage that they have found is higher than 25%. So, there is a dispute about it.

The second thing is, through the Public Distribution System, on most occasions, rice that is being supplied is of bad quality and all the people do not take it. They will be reluctant to take it.

SHRI T.N. CHATURVEDI: The focus of the Question is on inflation.

SHRI J. CHITHARANJAN: This is one of the measures to reduce inflation. The third is with regard to increase in the administered prices of articles that are being distributed through the Public Distribution System. Therefore, I would like to know whether the Government would look into all these complaints and try to find a solution so that the Public Distribution System may become more efficient and may become more useful to the people so that it may help in controlling the inflation.

SHRI YASHWANT SINHA: Madam, it is the constant endeavour of the Government to ensure that the Public Distribution System functions properly and we are in touch with the State Governments. My colleague, the Food Minister, is in touch with the State Governments on this issue. In regard to Kerala, Madam, if there are any specific complaints and if the hon. Member were to bring it to the notice of either my colleague, the Food Minister or to my notice, we shall certainly look into it.

श्री रामजीलाल: उपसभापति महोदय, धन्यवाद। मैं एक बात मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहता हूं। उद्योगों का दिन-प्रति-दिन प्रोडक्शडन घटता जा रहा है और इसके लिए आपने बजट में अलग से कोई प्रावधान नहीं किया है। इंडस्ट्री का जो प्रोडक्शन है वह हर साल घटता जा रहा है तो मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इसका मुद्रास्फीति पर कोई प्रभाव पड़ेगा?

श्री यशवन्त सिन्हा: मैडम, पिछले दो वर्षों में उद्योगों का जो प्रगति का दर रहा है उसमें गिरावट आई है लेकिन उस गिरावट का मुख्य कारण मांग में कमी रहा है, मांग देश के भीतर की और मांग देश के बाहर की, इसलिए औद्योगिक उत्पादन में कमी आई है। लेकिन यह कमी जो है यह मुद्रास्फीति की ओर इशारा नहीं करती है। यह कमी मुद्रास्फीति को स्वाभावतः ढंग से कम करती है। इसलिए इसका कोई मुद्रास्फीति पर असर नहीं पड़ता है।

श्री ईश दत्त यादव: मैडम, महंगाई कम नहीं हुई है। अगर कुछ महंगाई कम हुई है तो इसमें सरकार का कोई श्रेय नहीं है क्योंकि आलू और टमाटर के दाम घट गए हैं। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है, किसानों का योगदान है।...**(व्यवधान)**...

श्री संघ प्रिय गौतम: अगर पैदावार घटी तो सरकार के जिम्मे डाल दिया और पैदावार बढ़ी तो किसानों का योगदान हो गया।...**(व्यवधान)**...

उपसभापति: प्रश्न पूछने तो दीजिए। वह किसानों की बात कह रहे हैं तो आप बोलने नहीं दे रहे हैं। आप बोलिए।

श्री ईश दत्त यादव: मैडम, ये लोग बोलने नहीं दे रहे हैं।

उपसभापति: ये मुम्बई के लोग हैं, इनका किसानों से क्या ताल्लुक?

श्री संजय निरूपम: मैडम, यादव जी ने पहली बार बताया कि आलू का उत्पादन इस देश में किसान ही करते हैं, हमको तो इस बात का पता ही नहीं था।...**(व्यवधान)**...

श्री सी.एम. इब्राहिम: बी.जे.पी. की सरकार आने के बाद पैदावारी का पता नहीं चलता है कि कौन, क्या पैदा करता है? ...**(व्यवधान)**...

श्री ईश दत्त यादव: मैडम, आलू और टमाटर पर से लोग शिकस्त खा गये हैं इसके बाद भी बात सुनने को तैयार नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि आज इस समय हम लोगों के यहां टमाटर का रेट एक रुपए किलो हो गया है और आलू भी दो रुपए, ढ़ाई रुपए हो गया है। जब किसानों के घर में पैदावार आ जाती है, चाहे चावल हो, गेहूं हो, टमाटर हो, प्याज हो तो वह सस्ता हो जाती है। किसान इसमें मार खा रहा है क्योंकि उसको अपनी लागत का मूल्य नहीं मिल, पा रहा है। जब फसल समाप्त हो जाती है या सरकार का नियंत्रण प्रारम्भ हो जाता है तो सरकार के सही नियंत्रण न रखने के कारण महंगाई बढ़ जाती है। मैं वित्त मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि किसान के उत्पादन में, और बाद में जब फसल समाप्त हो जाती है या किसान के घर से निकल जाती है, उस समय महंगाई बढ़ जाती है। दोनों में संतुलत बना रहे और किसान को अपनी लागत का उचित मूल्य मिलता रहे इसके लिए आपकी और सरकार की क्या योजना है?

श्री यशवन्त सिन्हा: मैडम, ईश दत्त जी ने जो बिन्दु उठाया है वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हालांकि ये और हम एक साथ ही इसी सदन में विपक्ष में रहे हैं। इसमें मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ जब इन्होंने सारा दोष सरकार के ऊपर मढ़ दिया लेकिन सरकार को कोई श्रेय देना उचित नहीं समझा। यही विपक्ष का काम है इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

उपसभापति: आप भी यही करते हैं?...**(व्यवधान)**...

श्री यशवन्त सिन्हा: शायद हम सब यही करते थे।...**(व्यवधान)**...इसीलिए मैंने कहा कि जब हम लोग इकट्ठे...**(व्यवधान)**...मेरे ही सिखाए हुए हैं। जैसा मैंने कहा कि जो बिन्दु ईश दत्त जी ने उठाया है वह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण बिन्दु है। जब पैदावार में कमी आती है तो उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है जैसा कि पिछले महीनों में करना पड़ा था। जब पैदावार में बहुल्य आता है...(व्यवधान)... उसके बाद किसान को नुकसान होता है क्योंकि उसको उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता है। हमारे लिए अफसोस की बात है कि पिछले 50 वर्षों में हमने ऐसा कोई उपाय नहीं किया। इस बार हमने ठीक वही करने का प्रयास किया है कि दोनों के बीच में कोई तालमेल या सामान्जस्य स्थापित हो सकें। अगर ईश दत्त जी ने मेरे बजट भाषण को गौर से देखा होगा तो उन्होंने पाया होगा कि पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नॉलोजी की तरफ हमने बहुत ध्यान दिया है। पिछले महीनों में जो प्याज, आलू और टमाटर का संकट था उससे हमारी धारणा मजबूत हुई है। जब तक हम इसके लिए व्यवस्था नहीं करेंगे कि जब किसानों के पास

बहुतायत हो तो उसको कहीं रखा जा सके और जब कमी हो तो उसको बाजार में लाया जा सके। इसके लिए आपने देखा होगा कि इस साल बजट में मैंने कई करों में छूट दी है। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे इसके लिए विशेष व्यवस्था करें। जो स्टोरेज में फैसिलिटीज् हैं उनकी हम बहुत बड़े पैमाने पर देशभर में व्यवस्था करें। इसके साथ ही साथ जो प्रोसेसिंग फैसिलिटीज हैं उनको भी बढ़ाएं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में जिस संकट की ओर ईश दत्त जी ने इशारा किया है उसके ऊपर हम काबू पाने में सफल होंगे।

श्री लछमन सिंह: मैडम, मुझे बहुत खुशी है कि फाइनेन्स मिनिस्टर साहब खुश है। कल बड़े गमगीन थे क्योंकि बहुत बड़ा बोझ था। महंगाई का झटका है। एलाइज़ का बहुत महंगा भाव हो गया था। ये बड़े परेशान थे, बेचारे। आज देखो कितने टहटला रहे हैं, खुश हैं सबके साथ। क्योंकि एक बहुत बड़ा बोझ उतर गया है इनके मन से। आराम हो गया है। मैं फाइनेन्स मिनिस्टर साहब को इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं कि कम से कम इनके चेहरे पर खुशी आई है, नूर आया है और मुस्कुराहट आई है। इसी से शायद कुछ महंगाई कम होगी।

मैं मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि महंगाई तो बहुत घटी है, इसलिए नहीं घटी कि सरकार ने कुछ किया है। इसलिए कि उनके जी बड़े-बड़े जखीरा दोस्त थे, बड़े-बड़े व्यापारी थे उन्हें यह डर हो गया था कि जल्दी ही सोनिया गांधी का राज आने वाला है और उन्होंने सारी जगह से माल निकलना शुरू कर दिया, हेल्डिंग केपिसिटी बंद कर दी। सरकार की घबराहट की वजह से बाजार में माल आ गया, मंदा हो गया। जो वेजिटेबल्स, सब्जी वगैरह है उनका रेट चंडीगढ़ में तो कुछ है ही नहीं, फ्री के बराबर है। गोभी का रेट आठ-दस आने का है। वहां इन सब्जियों को पूछने वाला कोई नहीं है तथा बहुत मंदी है। मैं फाइनेंस मिनिस्टर साहब से, जो कि आज बहुत खुशी के मूड में है क्योंकि एक बहुत बड़ा बोझ उनके सर से उतरा है, यह पूछना चाहूंगा कि आजकल के जी निरख है बाजार के अंदर, क्या ये निरख कायम रख सकेंगे जब तक कि दो-चार महीने आपका राज है? इसके लिए आपने क्या प्रबंध किया है?

उपसभापति: आपका सवाल राज रहने से या इन्फलेशन से था?

श्री संघ प्रिय गौतम: सवाल इनके खुश होने पर था।

श्री यशवंत सिन्हा: महोदया, मुझे खुशी कि आहदरणीय सदस्य को को खुशी हि कि मुझे खुशी है और खुशी सचमुच है क्योंकि हमारे ऊपर से कितना बोझ उतरा है यह तो अपने आप में महत्वपूर्ण नहीं है लेकिन लोगों के ऊपर से बहुत बड़ा बोझ उतरा है और इस बात की हमें सचमुच खुशी और संतोष है। हमें इस बात से भी संतोष है कि उसमें सरकार का भी प्रयास रहा है। इनका कहना है कि यह कायम रहेगा क्या नहीं, तो मुझे पूरा विश्वास है कि यह कायम रहेगा और किसी कारण के चलते कायम नहीं रहे तो कम से कम उस कारण के चलते कायम रहेगा जिसका आपने उल्लेख किया यानी कि जो कांग्रेस अध्यक्ष का आलू टमाटर, गोभी के ऊपर प्रभाव है कम से कम उसके चलते कायम रहेगा।

उपसभापति: श्री अशोक मित्र।

SHRI ASHOK MITRA: Thank you, Madam, I wish the hon. Finance Minister's optimism infected all of us. But the only problem is, the reason for his tranquility that he has mentioned. He mentioned that prices have declined from November till January. We know that prices will decline in all seasons, in all years, between November and January but we have to check whether the rate of decline this year has been sharper than in the previous years. Let us forget about that particular issue. What is bothering me is the unfinished and unsaid elements in the Budget that he has presented. For example, I will pick up one issue—award of the Fifth Pay Commission. What are you going to do about the problem that the State Governments are going to face in meeting the commitments as a consequence of the award of the Fifth Pay Commission? You have already said, and we all know that many State Governments have made their representations and in fact, the hon. Finace Minister himself had expressed concern, some weeks ago, about the burgeoning effect of this kind of pressure that is being mounted on the State Governments. We cannot blame the State Governments. The State Government s' employees and the Central Government employees buy goods from the same market. If you increase the compensation

for one group of emplyees and do not increase to other group of employees, there will be an immense preseure on the revenue and I shall be grateful if the hon. Finace Minister would offer some indication as to how he proposes to meet this problem. The least that I would humbly suggest to him is to call all the State Finance Ministers and discuss this issue together.

SHRI YASHWANT SINHA: Madam, I must compliment the hon. Member for the dexterity with which he has introduced a supplementary which is acutally on a previous question which was not asked. But I have no hesitation in replying to the point that he has raised. It is true that if large pay packets are made available to employees in all sectors—Central, State, public sector, local bodies-then it has an immediate impact on prices.

The State Governments have been put to enormous difficulties, as a result of the decision which was given by the Government of India in regard to the Fifth Pay Commission. Despite the constitutional distinction which exists between the Central Government and the State Governments, under which the State Governments are entirely free to take their decisions, the reality is that the State Governments are forced to follow the decisions taken by the Government of India. They can make only minor changes here and there. Therefore, the total impact of the Fifth Pay Commission's recommendations and its implementation, on the Central Government and on the State Gvoernments, is a huge amount. It is still an open question because many of the States are struggling with their employees. I am happy to inform the hon. Member that we had a meeting of the National Development Council on the 19th February, 1999, if I am not mistaken. In that meeting this point was raised by the Cheif Ministers and the representatives of the State Governments, who were present there. A decision was taken in that meeting that we shall meet in a sub-committee of the National Development Council. We have called a meeting with the State Chief Ministers on the 15th of this month. In terms of the decision taken by the National Development Council. We shall in the Planning Commission and the Finance Ministry sit down with the State Governments' representatives to work out steps in the medium-term for getting over the problems of the State Governments.

Financial Assistance to Unemployed Youth Under PMRY

**184. SHRI O.P. KOHLI:†*
SHRMATI JAYAPRADA NAHATA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the number of applications received by the public and private sector banks, duly recommended by the concerned block development offices in the country, for the grant of financial assistance to the unemployed youths under PMRY during the last three years, State/UT-wise and year-wise;

(b) the number of those who were given loans and the reasons for disallowing the applications of others; and

(c) whether there is any fixed period within which the banks are required to release the loans and whether that period is being adhered to by the banks?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M. R. JANARTHANAN): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

†The Question was actually asked on the floor of the House by Shri O.P. Kohli.